संख्या–पी– 152/14–2–2018–800 ( 143 )/2018

प्रेषक,

आशीष तिवारी,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार, पर्यावरण,, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय भवन
पंचम तल सेक्टर एच, अलीगंज विस्तार
लखनऊ।

**वन एवं वन्य जीव अनुभाग–2** लखनऊ, दिनांक 13 सितम्बर, 2018

विषयः– मुरादाबाद–हरिद्वार– देहरादून (मुरादाबाद–कांठ मार्ग) एस0एच0–49 किममी0 14 के चैनेज 13.552 से 13.600 की बांयी पटरी पर ग्राम लदावली के खसरा सं0–242 में सिटी एनर्जी लि0 द्वारा विकसित किये जा रहे सी0एन0जी0 रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.079664 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 7 वृक्षों के पातन की अनुमतिं।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी के पत्र संख्या–339/मुरादाबाद/33064/2018 दिनांक 10–08–2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुरादाबाद–हरिद्वार– देहरादून (मुरादाबाद–कांठ मार्ग) एस0एच0–49 किममी0 14 के चैनेज 13.552 से 13.600 की बांयी पटरी पर ग्राम लदावली के खसरा सं0–242 में सिटी एनर्जी लि0 द्वारा विकसित किये जा रहे सी0एन0जी0 रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.079664 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 7 वृक्षों के पातन की अनुमति का प्रस्ताव अपने स्तर से परीक्षण करने के उपरान्त शासन को उपलब्ध कराया गया है। प्रस्ताव के अनुसार उक्त प्रयोजन हेतु मांगी गयी वनभूमि न्यूनतम है और इसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। चूँकि प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जा रहा है, अतएव प्रश्नगत वनभूमि को गैर वानिकी प्रयोग के लिये दिये जाने में विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव से शासन सहमत हैं।

2– अतएव उक्त प्रस्ताव मूल रूप में (एक प्रति) संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया वन (संरक्षण) अधिनियम,1980 के प्राविधानों के तहत स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।
**संलग्नकः– यथोपरि।**

भवदीय,

(आशीष तिवारी)
विशेष सचिव।

संख्या–पी– 152(1)/14–2–2018–तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य वन संरक्षक, मुरादाबाद वृत्त मुरादाबाद।
2– जिलाधिकारी मुरादाबाद।
3– प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 वन प्रभाग, मुरादाबाद।
4– उप महाप्रबंधक सिटी एनर्जी लि0 मुरादाबाद।
5– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव।